भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545 e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड-2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली-110066

विषय : दिनांक 20/6/2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी सनाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

20/06/24
( सहायक निदेशक)
EAD (HM)

उपनिदेशक 20/06/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.) 20/6/2024

हिन्दुस्तान 20/06/2024

# यूपी में गर्मी का कहर, उत्तराखंड में बारिश

ऊफ्फ ये गर्मी

लखनऊ/देहरादून, हिब्यू। हवा का रुख बदलने से राजधानी लखनऊ समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में चल रही प्रचंड लू का प्रकोप कुछ कम हुआ मगर पश्चिमी यूपी में इसका तांडव अभी जारी है। इस वजह से गर्मी और लू से मौतों का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। वहीं, उत्तराखंड में बुधवार दोपहर बाद बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 21 जून के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश से लू खत्म होने के आसार बन रहे हैं मगर पश्चिमी यूपी में तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ लू व तपन का सिलसिला जारी रहेगा। फिलहाल मानसून उत्तर प्रदेश में समय से दाखिल नहीं हो सका। प्रदेश में मानूसन बिहार के रास्ते गोरखपुर या वाराणसी से दाखिल होने की सामान्य तारीख 20 जून है। मगर अभी बिहार व झारखंड तक इसके पहुंचने में दो दिन और लगेंगे।

## बिहार : दो दिन तक आफत

पटना। सूरज के तल्ख तेवर से सूबे में गर्मी कहर बरपा रही है। पटना सहित राज्य के दक्षिण मध्य और दक्षिण पश्चिमी भाग के जिलों में अभी दो दिन भीषण गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। इस बीच मानसून के आगमन की राह भी तैयार हो रही है। 22 जून तक यह बिहार में प्रवेश कर सकता है।

## यूपी में 61 लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश में गर्मी और लू से मौतों का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। प्रदेश के अलग-अलग अंचलों में कुल 61 मौतों की खबर है। बाराबंकी में 27, रायबरेली में नौ, बुंदेलखंड में तीन और कानपुर में 10 लोगों की मौत की सूचना है। गोरखपुर में गर्मी की वजह से बुधवार को तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। मथुरा और फिरोजाबाद में दो वृद्धजनों की मौत हो गई।

**गश खाकर गिरे दो लोगों की मौत:** बागपत और हापुड़ में बुधवार को दो चौंकाने वाली घटनाओं में भरे बाजार एक किशोर व एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पसीने से तरबतर युवक बाजार में गिरा और उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में एक व्यक्ति बेहोश होकर गिरा रहा और लोग बराबर से गुजरते रहे।



देहरादून में बुधवार दोपहर बाद एकाएक बादल घिर आए। इसके बाद हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। • हिन्दुस्तान

## पहाड़ों में राहत की बारिश

देहरादून। उत्तराखंड में गर्मी से तप रहे मैदान से लेकर पहाड़ों तक में बुधवार दोपहर बाद राहत की बारिश हुई। इससे पर्वतीय शहरों में तापमान सामान्य पर पहुंच गया। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में भी 40 के पार चल रहे तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को भी कुछ हिस्सों में बारिश होगी।

## हेलीकॉप्टरों की आपात लैंडिंग

ऋषिकेश। केदारनाथ से देहरादून आ रहे चार हेलीकॉप्टरों की बुधवार दोपहर मौसम बिगड़ने के चलते ऋषिकेश एम्स में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इनमें से एक हेलीकॉप्टर में यूपी के पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री बृजेश कुमार सिंह भी सवार थे। जबकि दो हेलीकॉप्टर खाली और चौथा दो यात्रियों को लेकर लौट रहा था।

## मानसून पहुंचने में देरी

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 21 जून के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश से लू खत्म होने के आसार बन रहे हैं मगर पश्चिमी यूपी में तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ लू व तपन का सिलसिला जारी रहेगा। प्रदेश में मानूसन बिहार के रास्ते गोरखपुर या वाराणसी से दाखिल होने की सामान्य तारीख 20 जून है।